**CNR-UPLL010024542026**

**न्यायालय, अपर जिला एवं सत्र/विशेष न्यायाधीश (द.प्र.क्षे.) ललितपुर।**

**विविध वाद संख्या- 205/2026**

**श्रीमती रामवती बनाम सोनू आदि**

**02.07.2026**

पुकार लगाई गई। कोई उपस्थित नहीं। पत्रावली आज आदेश हेतु नियत है। आवेदिका दिनांक 09.06.2026 से उपस्थित नहीं आ रही है, कई बार हाजिरीमाफी प्रस्तुत कर चुकी है, आवेदिका एवं उसके विद्वान अधिवक्ता उक्त प्रार्थना पत्र पर सुनवाई हेतु उपस्थित नहीं हुए हैं, न कोई स्थगन दिया गया है, जिससे आवेदिका के उपस्थित नहीं आने से उसके द्वारा उक्त विविध वाद पर कोई बल नहीं दिया जाना प्रतीत हो रहा है। ऐसी स्थिति में आवेदिका द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 173(4) BNSS को न्यायहित में निरस्त किया जाना आवश्यक है।

अतः प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 173(4) BNSS विविध वाद संख्या-205/2026 श्रीमती रामवती बनाम सोनू आदि पर आवेदिका द्वारा उपस्थित न होने, बल न दिये जाने के कारण निरस्त होने योग्य है। अतः प्रार्थना पत्र निरस्त किया जाता है। पत्रावली दाखिल दफ्तर हो।

दिनांक **02.07.2026**

**(सुनील सिंह)**
अपर जिला एवं सत्र/
विशेष न्यायाधीश (द.प्र.क्षे.)
ललितपुर।

Digitally signed by SUNIL SINGH
Date: 2026.07.02 16:55:27 IST
Reason: Document Owner
Location: District and Sessions Court